सत्यब्रत साहु, आई.ए.एस.
संयुक्त सचिव

भारत सरकार
पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

अ.शा. पत्र संख्या डब्ल्यू-11019/04/2015-डब्ल्यूक्यू
दिनांक:: 31/3/2015

प्रिय महोदय/महोदया,

आप इस बात से अवगत हैं कि पेयजल की गुणवत्ता की मानव के उपापचय प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका है और लंबे समय तक असुरक्षित जल के सेवन से विभिन्न प्रकार की बीमारियाँ हो सकती हैं। पेयजल में संदूषण के स्तर को उचित रूप से जाँचने और जल गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशालाओं को मानकीकृत करने के लिए मंत्रालय ने फरवरी, 2013 में यूनीफार्म पेयजल गुणवत्ता मॉनीटरिंग प्रोटोकॉल प्रकाशित किया था और राज्यों को वितरित किया था। पेयजल गुणवत्ता के उचित मूल्यांकन की पुष्टि के लिए राज्यों को आबंटित एनआरडीडब्ल्यूपी निधियों का 3% जल गुणवत्ता मॉनीटरिंग तथा निगरानी के लिए चिन्हित किया गया है।

2. जल गुणवत्ता जाँच प्रयोगशालाओं में प्रभावी परीक्षण तथा अंशशोधन की प्रक्रिया को सरल और कारगर बनाने के प्रयास में मंत्रालय ने आपसे पहले भी अनुरोध किया है कि सभी राज्य स्तरीय पेयजल गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशालाओं सर्वप्रथम एनएबीएल (राष्ट्रीय परीक्षण और अंशशोधन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड) प्रत्यायन प्राप्त करें ताकि ये जिला और उप जिला/ब्लॉक स्तरीय प्रयोगशालाओं के लिए एनएबीएल प्रत्यायन हासिल करने हेतु निर्दिष्ट संस्थान के रूप में कार्य कर सकें।

3. इस संबंध में मंत्रालय ने एनएबीएल प्राधिकरण से विस्तृत चर्चा की और यह निर्णय लिया कि 10 अप्रैल, 2014 को अप्राहन 10 बजे से पूर्वाहन 5 बजे तक पर्यावरण भवन, नई दिल्ली के चौथे तल पर स्थित कॉंफ्रेंस हॉल में एक दिवसीय अनुस्थापन कार्यशाला चलाई जाए। आपसे अनुरोध है कि आप अपने राज्य के निदेशक डब्ल्यूएसएसओ तथा मुख्य केमिस्ट को निश्चित रूप से इस कार्यशाला में भाग लेने हेतु प्रतिनियुक्त करें। सचिव (डीडब्ल्यूएस) इस सत्र का उदघाटन करेंगी जिसके बाद एनएबीएल के विशेषज्ञों के साथ मंत्रालय के उप सलाहकार (डब्ल्यूक्यू) द्वारा दिनभर चर्चा की जाएगी। आपसे अनुरोध है कि आप एक जिला स्तरीय जल गुणवत्ता जाँच प्रयोगशाला की पहचान करें ताकि आपके द्वारा नामित व्यक्ति कार्यक्रम के द्वितीय चरण में एनएबीएल प्रत्यापन हेतु उसका नाम ले सकें।

सादर,

भवदीय,

(सत्यब्रत साहु)

सेवा में,

1) सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में ग्रामीण पेयजलापूर्ति पर कार्य करने वाले सभी प्रधान सचिव
2) निदेशक, एनएबीएल, प्लॉट संख्या 45, सैक्टर-44, गुड़गाँव-122022
3) वरिष्ठ तकनीकी निदेशक (एनआईसी) मंत्रालय की वेबसाइट पर इसे डालवाने हेतु